**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**1 अक्तूबर 2023, समय 1810**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महा स्वच्छता मुहिम "स्वच्छता ही सेवा अभियान" में शामिल होकर राष्ट्र की अगुवाई की।
- देशभर से लोग प्रधानमंत्री के आहवान पर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंबाला शहर में स्वच्छता में श्रमदान किया।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज फरीदाबाद में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने आज रोहतक में आयोजित राहगिरी कार्यक्रम में टेनिस खिलाड़ी सुहाना सैनी को सम्मानित किया।

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महा स्वच्छता मुहिम "स्वच्छता ही सेवा अभियान" में शामिल हो कर राष्ट्र की अगुवाई की।

उन्होंने फिटनेस प्रभावक अंकित बैयानपुरिया के साथ इस अभियान में भाग लिया और कचरा साफ किया। श्री मोदी ने अंकित बैयानपुरिया से बातचीत भी की जिसमें उन्होंने तंदरूस्ती की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम सफाई कार्यों के दौरान अंकित बैयानपुरिया से हुई बातचीत के अंश भी साझा किए।

देशभर में लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर महा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने महात्मा गांधी जयंती से पूर्व आज सुबह 10 बजे 1 घंटा श्रमदान का आहवान कर बापू को स्वच्छांजलि देने का आहवान किया था।

आज हर स्तर के नागरिकों ने बाजारों, रेलवे स्टेशन, नदियों, नालों, पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों सहित सार्वजनिक स्थानों पर चलाई स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया।

राष्ट्रीय राजधानी में भारती जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रिय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, डॉ. जितेंद्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी, मिनाक्षी लेखी, राजीव चंद्र शेखर व अन्य प्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

इस महास्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण भारत में 6 लाख 40 हजार से अधिक स्थानों को श्रमदान के लिए चुना गया। बड़ी गिनती में आवसीय कल्याण संगठनों ने भी लगभ्र 1 लाख आवासीय परिसरों में स्वेच्छा से श्रमदान किया।

इस विशिष्ट पहल में विभिन्न स्थानों पर सफाई के लिए नागरिकों के साथ भारतीय थल सेवा जल सेना और वायु सेना के जीवन भी शामिल हुए।

..............................................................................

हरियाणा के फतेहाबाद में पंचायत मंत्री देविंद्र सिंह बबली ले नगर परिषद कार्यालय से कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता का संकल्प लेने और आस पास के क्षेत्र को साफ कर सच्ची श्रद्धांजलि देने को कहा।

उधर गुरूग्राम में केंदिय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशनपर पहुंच कर स्वच्छता अभियान की अगुवाई की और लोगों को सफाई के पगति जागरूक रहने की अपील की।

पलवल पुलिस द्वारा भी आज पुलिस लाईन थानों व दफतरों में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

पानीपत में भी कारखानों में कार्यरत श्रमिकों, सामाजिक संस्थान, महाविद्यालयों और विद्यालयों ने भी स्वच्छता अभियान चला कर श्रमदान किया। पानीपत के उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार ने गांव निजामपुर में ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूआत की और टोल प्लाजा पर पौधारोपण भी किया।

भिवानी के महेंद्रगढ़ से लो सभा सांसद धर्मवीर सिंह ने रेलवे जंकशन पर श्रमदान की शुरूआत की उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आहवान पर देशभर के रेलवे जंकशन पर एक घंटा श्रमदान अभियान चलाया गया है।

पंचकुला के संक्टर 12 के सार्थक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी श्रमदान किया गया।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा के स्वयं सेवक ने स्वच्छता रैली निकाल कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

फरीदाबाद से भी हमारे संवाददाता ने विद्यालयों में श्रमदान किए जाने की खबर दी है।

वहीं कैथल में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला की अगुवाई में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यालय के साथ साथ एक सार्वजनिक स्थान पर सफाई कर श्रमदान किया। स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक जय कृष्ण अभीर कैथल के गांव जाबा में चलाए गए स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए और गांव वासियों और बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

वही कुरूक्षेत्र में नेहरू युवा केंद्र दयानंद महिला सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के और स्वच्छता परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गांव बारना व ईदरा कॉलोनी में श्रमदान किया गया और इंद्रा पार्क में सफाई की गई और जागरूकता रैली भी निकाली गई।

...........................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता की सेवा पखवाड़े का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आज फरीदाबाद में किया। यहां उन्होंने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के लोगों से स्वच्छता का कार्य स्वच्छताकर्मियों पर छोडऩे की बजाए जन-जन का अभियान बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की सभी को अपने आवास, परिसर के साथ-साथ अपने गली मोहल्ले व गांव की स्वच्छता के लिए सामूहिक रूप से अभियान चलाने का संकल्प

लेना होगा। उन्होंने बच्चों में भी स्वच्छता की भावना पैदा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता और राजेश नागर व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

.....................................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज रोहतक में राहगिरी कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मलखम दिखाने आए गुरुकुल ला□ोत के बच्चों के प्रदर्शन से खुश होकर उन्हें अपने निजी कोष से 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने हरियाणा के जवानों और पहलवानों का जिक्र करते हुए युवाओं को सही मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को नशों से सचेत करते हुए कहा कि युवा प्रदेश में ही नहीं देश का भी भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशों से बचाना बहुत जरूरी है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज रोहतक में विश्व की एक नम्बर टैबल टैनिस खिलाड़ी बनने पर सुहाना सैनी को राहगिरी कार्यक्रम के मंच से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अन्य युवा भी खिलाडियों से प्ररेणा लेकर जीवन में उच्च मुकाम हासिल करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पेंटिंग, मेहंदी व वॉल पेंटिंग के प्रतिभागियों की कृतियों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से दर्शकों को नशा मुक्त हरियाणा अभियान का संदेश भी दिया गया। राहगीरी कार्यक्रम में रस्साकशी, टेबल टेनिस के अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों इत्यादि के स्टॉल भी लगाये गए।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बड़े शहरों में जल्द ही शूटिंग रेंज बनाई जाएंगी। जिससे खिलाडिय़ों को शूटिंग की तैयारी करने में फायदा हो और अधिक से अधिक खिलाड़ी पैदा हों। एक सवाल के जवाब में उन्होंने

कहा कि सरकार ने नशे की रोकथाम के लिए साइक्लोथॉन निकाली और नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

वहीं उन्होंने शराब की बिक्री के सवाल पर कहा कि जबरन शराब बंदी के परिणाम अच्छे नहीं होते। सरकार चाहती है कि जागरूकता से नशे को खत्म किया जाए।

उन्होंने वर्ष 1996 से 1998 तक शराब बंदी याद करते हुए कहा कि पहले भी हरियाणा सरकार ने शराब बंदी की थी, लेकिन उसके परिणाम अच्छे नहीं रहे।

मुख्यमंत्री ने पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के सर्वेक्षण पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी मजबूत पार्टी है।

.........................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत आज अम्बाला शहर में जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और सफाई कार्य में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इससे पूर्व उन्होंने जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होनें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश की जनता से किए गए आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के लिए किए जा रहे श्रमदान के लिए वे हार्दिक मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफाई कार्य के लिए श्रमदान कार्यक्रम एक दिन का कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा स्वच्छता को लेकर हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत हैं। जब हमारा वातावरण साफ सुथरा रहेगा, तो हम रोगों से दूर रहेंगें।

उन्होंने लोगों से अपील की, की सड़क व अन्य सार्वजनिक स्थानों गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ भारत एवं श्रेष्ठ भारत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि श्रमदान करने से एकजुटता व अनुशासन की भावना आती हैं।

.........................................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोनीपत के गांव सिसाना की गौशाला में आयोजित 121वें वार्षिक उत्सव में बोलते हुए कहा कि गौ सेवा हमारी सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, जिसका वर्णन इतिहास में भी मिलता है। यही नहीं गौ माता का वर्णन भगवान श्री कृष्ण के समय में भी मिलता है जब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाने के समय गौ माता का अभिषेक करवाया था और उसी दिन को गोपाष्टमी के दिन के रूप में पूजा जाता है।

उन्होंने इस मौके पर सिसाना गौशाला को इसी साल में 51 लाख रुपए बतौर अनुदान देने की घोषणा की और कहा कि इससे पूर्व में भी 42 लाख रुपए इस गौशाला को अनुदान राशि के रूप में दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस गौशाला के 7 हजार गोवंश के लिए अनुदान किया गया। 7 हजार से ऊपर के 1 हजार गोवंश के लिए सिसाना में ही 16 एकड़ में बनी शेड के लिए 70 लाख रुपए भी गौशाला को दिए जाएंगे।

यही नहीं गौ सेवा आयोग की ओर से 25 एकड़ में अनुसंधान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा जिसमें देशी नस्ल की गाय की प्रजाति को आगे बढ़ाने,गौ मूत्र और गोबर इत्यादि पर शोध केंद्र बनाया जाएगा। गौशाला समिति की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

..................................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की है कि हरियाणा में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को अब 10 लाख रूपए बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। फिलहाल पत्रकारों को 5 लाख रूपए का लाभ इस योजना के तहत मिल रहा है।

मुख्यमंत्री आज रोहतक में हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में हरियाणा में 1,262 मान्यता प्राप्त पत्रकार हैं। जबकि हरियाणा सरकार की ओर से 176 पत्रकारों को पेंशन की सुविधा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करार दिया। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्र-पत्रिकाओं ने जागरूकता और देशभक्ति का भाव जगाने का काम किया था।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से तटस्थ होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पत्रकार जब लिखना शुरू करे तो पक्ष और विपक्ष दोनों बातों का ध्यान रखे।

इसी के साथ उन्होंने पत्रकारों से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण और स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक विषयों पर समाज को जागृत करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को बेहतर ढंग से जागरूक कर सकता है और यही पत्रकारिता की उपयोगिता होगी।

..........................................................................................